बरेली, शनिवार
15 नवंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

SECOND FRONT BACK: TOP

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग हुआ जेस्ट का आगाज

बरेलीः एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'जेस्ट-2025 एकतत्वम' का आगाज हुआ। इसमें कार्निवल, महाकाव्य का अनुभव, मल्टी सीन, फेस आफ, बैटल आफ बैंड्स जैसी सांस्कृतिक स्पर्धाओं के साथ पुराछात्र सम्मेलन भी आयोजित हुआ। विद्यार्थियों ने भगवान गणेश की वंदना से उद्घाटन सत्र आरंभ किया। शतिक सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह में ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। विद्यार्थियों ने बालीवुड डांस प्रस्तुत किया। अपने बैंड पर मैं कौन हूं डर लगता है सपनों से...जैसे गीत सुनाए। छात्रों के डायरो ग्रुप सेक्रेटरी ऋषभ वर्मा ने जेस्ट एकतत्वम की थीम पर कविता प्रस्तुत की। फाइन आर्ट्स की गैलरी आकर्षण का केंद्र रही।